प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 25.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **राज्य कैबिनेट की बैठक में 22 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, नर्सिंग छात्रों को बड़ी राहत, नेतरहाट स्कूल में अब जेपीएससी करेगा नियुक्तियां।**
2. **विधानसभा के बजट सत्र का आज छठा दिन, कल पेश किए गए बजट पर विस्तृत चर्चा और तीखी बहस होने के आसार।**
3. **मुख्यमंत्री ने राज्य के बजट को बताया ऐतिहासिक, कहा– हर वर्ग के विकास का खुलेगा रास्ता, विपक्ष ने इसे वित्तीय प्रबंधन की विफलता का दस्तावेज बताया।**
4. **बोकारो में डीएमएफटी घोटाले पर आयकर विभाग का बड़ा प्रहार, दो व्यवसायियों के ठिकानों पर छापेमारी।**
5. **राष्ट्रपति के झारखंड आगमन को लेकर सुरक्षा सख्त, रांची एयरपोर्ट क्षेत्र नो फ्लाइंग जोन घोषित।**

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट की बैठक में 22 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। सरकार ने निजी नर्सिंग कॉलेजों के उन हजारों छात्रों को बड़ी राहत दी है, जिनका नामांकन बिना काउंसलिंग के हुआ था। अब नियमों में ढील देते हुए उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई है। इसके अलावा, नेतरहाट आवासीय विद्यालय की नियुक्ति नियमावली में भी बड़ा बदलाव किया गया है। अब यहां शिक्षकों और कर्मियों की बहाली जेपीएससी या जेएसएससी के माध्यम से होगी। राज्य में आचार संहिता लागू रहने के कारण कैबिनेट बैठक की आधिकारिक ब्रीफिंग नहीं की गयी।

****

विधानसभा के बजट सत्र का आज छठा दिन है। सदन में कल पेश किए गए बजट पर आज विस्तृत चर्चा और तीखी बहस होने के आसार हैं। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान विधायक अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं सदन के समक्ष रखेंगे।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल विधानसभा में पेश किये गये बजट को राज्य के भविष्य के लिए दूरगामी प्रभाव वाला बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में समाज के हर वर्ग–विशेषकर युवाओं, किसानों और महिलाओं के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है।

****

इधर, विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सरकार की आलोचना करते हुए इसे वित्तीय प्रबंधन की विफलता का दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में न तो राजस्व जुटाने की कोई रणनीति है और न ही विकास की ठोस दिशा।

****

बोकारो में करोड़ों के डीएमएफटी घोटाले को लेकर आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कल रात विभाग की टीम ने सीआरपीएफ सुरक्षा के साथ दो व्यवसाइयों सोनू मिश्रा और प्रकाश कुमार के घरों पर छापेमारी की।

****

रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय, ईडी के दफ्तर में पुलिस की एंट्री और जांच के मामले में झारखंड हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गयी है। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कल प्रस्तावित झारखंड दौरे को लेकर रांची में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। सदर अनुमंडल दंडाधिकारी ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की परिधि को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया है। बीएनएसएस की धारा–163 के तहत लागू यह निषेधाज्ञा कल सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान क्षेत्र में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए सिविल न्यायाधीशों की तैनाती और पड़ोसी राज्यों झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति दे दी है। एक रिपोर्ट–

****

निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन नई दिल्ली में राष्ट्रीय घोषणा 2026 की सर्वसम्मति से स्वीकृति के साथ संपन्न हो गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने संबोधन में मतदाता सूचियों की शुद्धता पर जोर देते हुए कहा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूचियों में शामिल करने और अपात्र मतदाताओं को इससे बाहर रखने के लिए विशेष गहन संशोधन, एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई है।

****

होली के त्योहार को देखते हुए रांची जिला प्रशासन एक्शन मोड में है। खाद्य सुरक्षा टीम ने रेलवे स्टेशन के पास 15 संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। नियमों की अनदेखी करने वाले 9 प्रतिष्ठानों पर फूड सेफ्टी ऐक्ट की धारा 69 के तहत मौके पर ही जुर्माना लगाया गया। प्रशासन ने संचालकों को सख्त चेतावनी दी है कि मिलावटखोरी या गंदगी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

****

सिमडेगा जिले के बोलबा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। खंडानिशान और भंडारटोली में लगभग एक एकड़ में लगी अफीम की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और खेती के उपकरण जब्त कर लिए गए हैं।

****

आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि मौसम विभाग ने उत्तर–पश्चिमी हिस्सों को छोड़कर कहीं–कहीं हल्की बूंदाबांदी या गरज के साथ छींटे पड़ने की आशंका जतायी है।

****

रांची में आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड, सीआईएल अंतर–कंपनी टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में कल इसीएल और सीआईएल ने अपने–अपने मैच जीत लिए। प्रतियोगिता में कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों की टीम भाग ले रही हैं।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य के वित्त मंत्री द्वारा पेश किये गये बजट की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने बजट का जिक्र करते हुए लिखा है– सेहतमंद मंइयां, सशक्त झारखंड।

दैनिक जागरण लिखता है– खुशहाली का मंगल बजट।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– रांची में बनेगा अत्याधुनिक बस स्टैंड, दशम–जोन्हा में ग्लास ब्रिज।

प्रभात खबर के शब्द हैं– बारिश और थंडरिंग के बीच क्रैश हुई रेडबर्ड एयर एम्बुलेंस 39 वर्ष पुरानी थी।

****